आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 16.11.2026 समय : 01:00 पी.एम.

000

पंचायती राज चुनाव के चौथे चरण में संबंधित पंचायतों में सरपंच और पंचों के लिए चल रहे मतदान के तहत सुबह 10 बजे तक लगभग 23 प्रतिशत वोट डाले गये। बालोतरा जिले की पादरू पंचायत समिति में सर्वाधिक 33 दशमलव 56 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं, बीकानेर की नोखा पंचायत समिति में 31 दशमलव 27 और जैसलमेर की नाचना पंचायत समिति में 29 दशमलव 55 प्रतिशत मतदान हुआ। जयपुर जिले की चार पंचायत समितियों में मतदान 19 से 20 प्रतिशत के बीच रहा। इस बीच राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह सवाई माधोपुर जिले के दौरे पर हैं। उन्होंने वहां विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

000

जयपुर के 299वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर नगर निगम के महापौर सुनील कोठारी ने आज पार्षदों और अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि इस वर्ष स्थापना दिवस समारोह को भव्य रूप दिया जाएगा, ताकि जयपुर की कला, संस्कृति और विरासत की वैश्विक स्तर पर पहचान को और मजबूत किया जा सके।

000

गौरतलब है कि जयपुर की स्थापना 18 नवम्बर, 1727 को हुई थी।

000

आकाशवाणी, संगीत की युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एआईआर राइजिंग स्टार्स यानी **एआईआर उभरते सितारे** नामक विशेष संगीत कार्यक्रमों की पहली श्रृंखला शुरू कर रहा है। इस श्रृंखला के तहत देशभर में कल से 30 नवंबर तक 26 स्थानों पर संगीत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें 30 वर्ष से कम आयु के उभरते युवा कलाकार अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

000

सांभर झील में पहली बार फ्लेमिंगो यानी राजहंस के चूजों के जन्म का नजारा सामने आया है। वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। झील में दूर–दूर तक पेड़ और छाया उपलब्ध नहीं होने के बावजूद फ्लेमिंगो ने अपने चूजों के लिए मिट्टी के घोंसले तैयार किए हैं। जयपुर के डीएफओ राहुल झाझड़िया ने बताया कि गुलाबी रंगत बिखेरने वाले इन पक्षियों का झील में प्रजनन होना यहां के प्राकृतिक पर्यावरण और जैव विविधता के लिए खास उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा निगरानी बढाई गई है।

000

जयपुर में आज से 30 नवम्बर तक ऑडिट वीक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान शहर के आठ कार्यालयों में प्रदर्शनी और विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। प्रधान महालेखाकार प्रवेंद्र यादव ने बताया कि इन गतिविधियों के माध्यम से ऑडिट और सार्वजनिक वित्तीय जवाबदेही से जुड़े विषयों पर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1860 में आज के ही दिन देश के पहले नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की नियुक्ति हुई थी। इसी के महत्व को उजागर करते हुए वर्ष 2021 से ऑडिट दिवस मनाया जा रहा है।

000

बीकानेर में सीवरेज और वेस्ट वाटर मैनेजमेंट व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 225 करोड़ रुपये का अस्थायी आवंटन प्रस्तावित किया गया है। यह राशि राजस्थान अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के पांचवें चरण के तहत प्रस्तावित है। बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने बताया कि नगर निगम के माध्यम से भेजे गए प्रस्ताव के आधार पर शहर को इस परियोजना में शामिल किया गया है। इसके तहत नगर निगम को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और निविदा दस्तावेज तैयार करने होंगे। परियोजना पूरी होने पर शहर की सीवरेज और अपशिष्ट जल प्रबंधन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 नवम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 140वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 नवम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

000